जय अजमल लाला

जय अजमल लाला,प्रभू जय अजमल लाला।
भक्त काज कलयुग में,लीन्हो अवतारा॥
ॐ जय अजमल लाला

अश्वन की असवारी सोवे, केशरिया जामा।
शीश तुर्रो हद सोवे, हाथ में लिये भाला॥
ॐ जय अजमल लाला

डूबत जहाज तैराई, भैरव देत्य मारा।
कृष्ण कला भय भंजन, राम रुणीचे वाला।
ॐ जय अजमल लाला

अन्धन को प्रभु नेत्र देते हैं, कोढ़न को काया।
बांझन पुत्र खिलावे, निर्धन को माया॥
ॐ जय अजमल लाला

नाथ द्वारका धाम से चलकर, धोरा में आया।
चार कूंट चऊदीश में, नेजा फहराया॥
ॐ जय अजमल लाला

जब जब भीड़ पड़ी भक्ता पर, दौड़ दौड़ आया।
जहर भरे जीवन में, अमृत बरसाया॥
ॐ जय अजमल लाला

आरती रामदेव जी की, जो कोई नर गावे।
कटे पाप जन जन का, विपदा मिट जावे॥
ॐ जय अजमल लाला

ॐ जय अजमल लाला, प्रभु जय अजमल लाला।
बाबा राम रूणीचे वाला, बाबा लीले घोड़े वाला, बाबा मेंणादे का लाला, बाबा धोली ध्वजा वाला,
भक्त काज कलयुग में, लीन्हो अवतारा॥
ॐ जय अजमल लाला

बस यूं ही आपका अपना - Chandu Singh Gaur, बीकानेर
Phone no.8608095434

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2410/title/jai-ajmal-lala-prabhu-jai-ajmal-lala-bhagat-kaaj-kalyug-me-linhiyo-avtara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |